3200 किलो अचार और 1500 किलो नकली घी पकड़ा, इंदौर से लाकर जयपुर में बेचा जा रहा था - adulterated ghee and pickle seized

जयपुर. प्रदेश में मिलावट के खिलाफ निरंतर अभियान चलाया जा रहा है. खाद्य विभाग ने अलग-अलग कार्रवाई में नकली घी और आचार पकड़ा है. इसके साथ ही अचार बनाने की कम गुणवत्ता की सामग्री को नष्ट करवाया गया है.

अतिरिक्त आयुक्त पंकज ओझा ने बताया कि मालवीय नगर इंडस्ट्रियल एरिया में अपेक्स सर्किल के पास एक फैक्ट्री पर खाद्य सुरक्षा दल द्वारा कार्रवाई की गई. यहां निरीक्षण के दौरान अनेक कमियां पाई गईं. फैक्ट्री में साफ-सफाई की स्थिति असंतोषजनक होने के साथ ही बिना निर्माण तिथि के केमिकल्स पाए गए. फैक्ट्री में आंवला मुरब्बा के 18-18 किलो के 81 टिन तथा लाल मिर्च अचार के 15-15 किलो के 120 टिन रखे हुए थे. विक्रेता ने बताया कि इन्हें हाथरस से खरीद कर लाया गया था, लेकिन इन पर किसी प्रकार की कोई निर्माण तिथि, निर्माता का नाम आदि सूचना अंकित नहीं थी. खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के अंतर्गत नमूने लेने के पश्चात माल को सीज किया गया.

इसी प्रकार फैक्ट्री में लाल मिर्च पाउडर के 10 बैग मिले, जिनमें 500 किलो लाल मिर्च पाउडर रखा हुआ था, जो अचार बनाने के काम लिया जा रहा था. इस मिर्च पाउडर की गुणवत्ता में कमी का अंदेशा होने पर एक नमूना लेने के पश्चात लाल मिर्च पाउडर को भी सीज किया गया. मौके पर एक प्लास्टिक के ड्रम में लगभग 100 किलो कैर का अचार रखा हुआ था, जिसमें

फफूंद लगी हुई थी. इसे मौके पर ही नष्ट करवाया गया. इसके अतिरिक्त मौके से वेजिटेबल सॉस एवं मिक्स अचार का भी एक-एक नमूना जांच के लिए लिया गया. जिनकी जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी. मौके पर मिली कमियों पर धारा 32 के अंतर्गत नोटिस जारी किया गया है. इसकी पालना नहीं करने पर फूड लाइसेंस निरस्त करने की कार्रवाई की जाएगी.

Source: https://www.etvbharat.com/hi/!state/3200-kg-pickles-and-1500-kg-fake-ghee-seized-were-being-brought-from-indore-and-sold-in-jaipur-rjs24070208199